एम0 बी0 एस0 इंटरनैशनल स्कूल

नवरस काव्य प्रतियोगिता(2019-20)

हिंदी सप्ताह

विषय - हिंदी सप्ताह

दिनांक -29 जुलाई,2019

स्थान -स्कूल ऑडिटोरियम

प्रभारी -श्रीमती पुष्पा सिंह

एम0 बी0 एस0 इंटरनैशनल स्कूल द्वारका, सैक्टर-11, नई दिल्ली द्वारा 'हिंदी सप्ताह-2019' का आयोजन दिनांक 29.7.2019 से दिनांक 2.8.2019 तक किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों में राजभाषा हिंदी के प्रति विशेष रूचि, उत्साह, और ज्ञानवर्धन का संचार हो सके और वे गर्व के साथ अपनी मातृभाषा का सम्मान कर सकें।

इसमें विभिन्न पतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। कक्षा एक से दसवीं तक विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए जाएँगे। प्रत्येक प्रतियोगिता में विशेष योग्यता प्राप्त छात्रों को ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

विद्यालय प्रचार्य 'श्री अतुल वधावन जी के नेतृत्व में आज दिनांक 29 जुलाई, 2019 को नवरस काव्य प्रतियोगिता द्वारा इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस काव्य प्रतियोगिता का विषय विभिन्न वर्गों के अनुसार अलग-अलग था। इसमें विद्यार्थियों को यह बताने की कोशिश की गई कि काव्य में जो आनंद आता है वह ही काव्य का रस है। केवल मीठा-मीठा ही खाना अच्छा नहीं लगता, कभी खट्टा और तीखा भी अच्छा लगता है इसलिए विभिन्न रसों के बीच संतुलन होना चाहिए, जीवन में नवरस का भी सही अनुपात होना चाहिए। विद्यार्थियों को **शृंगार**, रौद्र, करुण, वीर, विभत्स, भयानक, अद्भुत,हास्य और शांत रस के महत्त्व को बताते हुए इस काव्य प्रतियोगिता को आगे बढ़ाया गया। इस प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का उत्साह देखने योग्य था। नौवीं कक्षा की छात्रा पूर्णिमा की प्रस्तुति सराहनीय थी, वहीं अन्य छात्राएँ 'अंजली', 'दीक्षा' और 'आर्या' ने अपनी प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया। कक्षा दसवीं की साक्षी यादव और आयशा ने भी अपनो प्रस्तुति से सब का मन मोह लिया। विद्यालय उपप्रधानाचार्या 'श्रीमती भानुप्रिया' के अनुसार रस हमारे मन के भावों को हमारे चेहरे के हाव-भाव से दर्शाता ह।वरिष्ट विद्यालय संचालिका श्रीमती रूचिका ने छात्रों और शिक्षकों के योगदान को सराहा।

MBS
INTERNATIONAL
SCHOOL

SCHOOL
नवरस